तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 18 मार्च 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



2

मेयर इन काउंसिल की बैठक में विभिन्न कार्यों की दी स्वीकृति




## खबर संक्षेप

### जिले में 19, 20, 27 एवं 31 मार्च को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 19, 20, 27 एवं 31 मार्च को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 19 मार्च को गुड़ी पाडवा, 20 मार्च को चैटीचांद, 27 मार्च को रामनवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयंती (जैन) दिवस के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए गए हैं।

### भू-विस्थापितों का आज से अनिश्चितकालीन धरना

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरईबोध और प्रभावित के विस्थापित ग्रामीणों ने एक बार फिर से प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है प्रबंधन द्वारा बसाहट मुआवजा और वैकल्पिक रोजगार के वादे पूरे न करने से नाराज होकर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने 18 मार्च से गेवरा क्षेत्र में अनिश्चितकालीन धरने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन की घोषणा की है। विगत माह ग्रामीण अपनी जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। एसईसीएल प्रबंधन ने लिखित आश्वासन दिया था कि 3 लोगों को वैकल्पिक रोजगार तुरंत दिया जाएगा और बाकी लोगों का बी-फॉर्म भी उसी तारीख से भराने की प्रक्रिया शुरू की जाएंगी इस ठोस लिखित आश्वासन पर विश्वास करते हुए ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था।

### सामान्य महुआ फूल की प्रति किलो 30 रुपए की दर से होगी खरीदी

# जिले के जंगल में महुआ फूल की भरमार इस साल भी विदेशों से नहीं आई डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में बड़े पैमाने पर महुआ पेड़ों की भरमार है। हर साल आदिवासी परिवारों द्वारा महुआ फूल का का संग्रहण किया जाता है लेकिन इस साल वन विभाग को फूड ग्रेड महुआ संग्रहण करने का लक्ष्य नहीं मिला है बल्कि सामान्य महुआ खरीदी वन विभाग प्रति 30 किलो की दर से खरीदी करेगा जिसके लिए जंगल में आदिवासी परिवारों के द्वारा महुआ फूल का संग्रहण शुरु कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में हर साल बड़े पैमाने पर महुआ फूल का संग्रहण किया जाता है और जंगल में कई ऐसे स्थान है जहां बेहतर क्वालिटी के महुआ फूल पाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां के फूल की खरीदी विदेशों में भी होती है। महुआ फूल का संग्रहण आदिवासी परिवारों द्वारा भी किया जाता है। कोरबा व कटघोरा वन मंडल के महुआ फूल का संग्रहण फुड ग्रेड के लिए किया जाता था और उसकी विदेश में भी डिमांड होती थी लेकिन पिछले दो वर्षों से फुड ग्रेड महुआ फूल की डिमांड नहीं आ रही है जिसके चलते वह विभाग द्वारा फूड ग्रेड महुआ का संग्रहण नहीं किया जा रहा है। इस साल भी डिमांड नहीं होने की वजह से फूड ग्रेड महुआ का संग्रहण नहीं किया जाएगा। बल्कि सामान्य महुआ फूल का संग्रहण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग में सभी वनांचल क्षेत्र में बसने वाले आदिवासी परिवारों के लिए निर्देश जारी कर दिया है। सभी वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों द्वारा महुआ फूल का संग्रहण भी शुरू कर दिया गया है। इस साल कघोरा वन मंडल को 2 हजार किलो महुआ फूल का संग्रहण की खरीदी की किया जाना है जिसमें प्रति 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी की जाएगी।

#### खास बात

- जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में फूड ग्रेड महुआ फूल का नहीं हो रहा संग्रहण



फाइल फोटो

#### फूड ग्रेड की नहीं है डिमांड

फूड ग्रेड महुआ फूल की डिमांड नहीं आयी है, इसलिए इस साल सामान्य महुआ फूल की खरीदी की जाएगी। कटघोरा वन मंडल को 2 हजार किलो महुआ फूल संग्रहण करने का लक्ष्य मिला है। प्रति 30 रुपए किलो की दर से महुआ फूल की खरीदी की जाएगी।

-**कुमार निशांत**, वनमंडलाधिकारी कटघोरा

#### महुआ का इस्तेमाल अब पौष्टिक पदार्थों के लिए

कोरबा वन मंडल के गांव बड़मार में 550 वृक्ष के नीचे जाल लगाकर महुआ का संग्रहण किया गया था। यह महुआ साधारण महुआ से काफी बेहतर क्वालिटी का होता है। चूंकि यह जमीन पर गिरने के बजाय जाल पर ही गिरता है। जिसके कारण यह महुआ जमीन पर गिरकर बिखरता या टूटता नहीं है और ना ही इनमें कीड़े लगते हैं. इसलिए फूड ग्रेड महुआ की मांग विदेशों में भी होती थी लेकिन पिछले दो सालों से न जाने क्यों फूड ग्रेड महुआ की डिमांड नहीं आ रही है जिससे किसानों को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। महुआ का नाम अब तक कच्ची शराब के लिए ही सामने आता रहा है। महुआ को शराब के लिए ही पहचाना जाता था, लेकिन अब इसमें से बेहद पौष्टिक पदार्थ जैसे लड्डू, जूस, बिस्किट, चॉकलेट, आचार और जैम भी बनाए जा रहे हैं। इन सभी उत्पादों के लिए महुआ बेहद उपयुक्त और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ है।

## बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो मृत



हादसे में मृतक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

एक मोटर साइकिल में सवार होकर शादी समारोह से वापस लौट रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे एक महिला व एक मासूम की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक की खोजबीन शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जेमरा पाली निवासी जयसिंह टेकाम अपने रिश्तेदार ननकीबाई 60 वर्ष पति स्व रन सिंह व उसके रिश्ते की नतनीन कुमारी मनीषा 9 वर्ष पिता नारायण दो दिनों पूर्व कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बर्रा चिकनीपाली शादी समारोह में शामिल होने गए थे। जहां से 15 मार्च की रात को तीनों जयसिंह की मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 12बीके 5014 में सवार होकर वापस जेमरा पाली के लिए जा रहे थे कि जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत जामपानी घाट पर पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक भारी भरकम वाहन ने अपनी चपेट में लिया जिससे ननकी बाई और मनीषा की मौत हो गई। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया है। घटना के बाद से ग्राम बरीउमराव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जटगा पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही जटगा चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शव का वैधानिक कार्यवाही कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

#### खास बात

- जटगा चौकी क्षेत्र के जामपानी धाट पर हुआ हादसा

## पैरालीगल वालिंटियर्स की भर्ती

**कोरबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में 50 तालुका विधिक सेवा समिति कटघोरा में 25, तालुका विधिक सेवा समिति करतला में 25 तथा तालुका विधिक सेवा समिति पाली में 25 की संख्या में पैरालीगल वॉलिंटियर्स की भर्ती किया जाना है। पैरालीगल वॉलिंटियर्स के रूप में सेवाएं, सहयोग प्रदान करने हेतु इच्छुक व्यक्ति/आवेदक जिसकी आयु 18 वर्ष से कम न हो, आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक कक्षा उत्तीर्ण हो तथा जो कम्प्यूटर में व्यवहारिक ज्ञान रखते हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे है। आवेदन 17 मार्च से प्रत्येक कार्यालयीन समय में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालयीन में स्थित ड्रॉप बाक्स में डाले जा सकेंगे।

## सर्वमंगला पुल पर युवक ने लगाई फांसी

**कोरबा।** कोरबा से कुसमुंडा जाने वाले मार्ग पर हसदेव नदी के ऊपर निर्मित रेलवे के सेकंड नंबर पुल के गार्टर से लटक कर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास मानिकपुरी पिता सहदेव मानिकपुरी ने पुल के निचले हिस्से में जाकर चुनरी के सहारे इस घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही सहायता केंद्र प्रभारी सउनि विभव तिवारी मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक का शव फंदे से नीचे उतारा गया और शव को वैधानिक कार्यवाही उपरांत शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आयी है उसमें युवक बेरोजगार था पिछले लंबे समय से काम नहीं मिल पाया था संभवतः इसी के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।




## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति जन जागरण रैली कल

**कोरबा।** सत्य निज नाम परिवार कटघोरा क्षेत्र के द्वारा सतगुरु कबीर वाचनालय कबीर चौक कुसमुंडा मैं सत्य निज नाम बौद्ध संस्थान के संस्थापक सद्गुरु सत्य कबड्डी दास एवं परम पूजनीय माता सत्य लीला देवी के पावन सानिध्य में एक दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरण रैली तथा सत्य निज नाम सत्संग सम्मेलन का आयोजन किया गया है। दोपहर भोजन उपरांत 3 बजे शोभायात्रा तत्पश्चात ग्रुप भेंट साथ ही भजन संगीत प्रवचन एवं शंका समाधान कार्यक्रम होंगे । सत्य निज नाम परिवार कटघोरा के द्वारा आयोजन में पहुंचने का आग्रह किया गया है।

### छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, पुलिस कार्यप्रणाली से हुए रूबरू



**कटघोरा।** कटघोरा से एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ी पहल सामने आई है, जहां स्कूली छात्र-छात्राओं को पुलिस व्यवस्था को करीब से समझने का अवसर मिला। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा थाना में विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर और आदर्श विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने थाना परिसर का दौरा किया। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने सरल और समझने योग्य भाषा में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। भ्रमण के दौरान छात्रों को पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों के बारे में बताया गया और एफआईआर दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही यह भी बताया गया कि शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस किस तरह कार्रवाई करती है। विद्यार्थियों ने थाना परिसर के विभिन्न हिस्सों जैसे बंदीगृह, कंट्रोल रूम और शहर में लगे सीसीटीवी नेटवर्क का अवलोकन किया, जिससे उन्हें आधुनिक पुलिसिंग सिस्टम की बेहतर समझ मिली। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सामाजिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया। उन्हें मानव तस्करी, पॉक्सो एक्ट और सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। इसके साथ ही यातायात नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश भी दिया गया। यह शैक्षणिक पहल न केवल विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रही, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास और सहयोग को मजबूत करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

### ड्राइवर महासंघ का होली मिलन एवं जन जागरुकता समारोह



**मड़वारानी।** जिला कोरबा करतला ब्लॉक अन्तर्गत मां मडवारानी नेशनल हाईवे रोड कंवर भवन में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ जिला कोरबा करतला बरपाली इकाई द्वारा होली मिलन समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ प्रदेश पदाधिकारी उपाध्यक्ष सुरेश निर्मलकर प्रदेश कोषाध्यक्ष सोनू रात्रे सचिव रवि निवारे प्रदेश संगठन मंत्री शंकर दादा राज्य मंत्री रोहित चंद्राकर चंदन पटेल सर्व प्रथम मां मडवारानी की पुजा अर्चना कर कार्यक्रम को शुरूआत किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ प्रदेश अध्यक्ष पुनम छतरे के कुशल मार्गदर्शन में यह आयोजन छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ जिला कोरबा करतला बरपाली इकाई जिला अध्यक्ष कौशल चौहान व जिला पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ करतला बरपाली इकाई ब्लाक मनोज यादव कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर व समस्त पदाधिकारियों का अहम योगदान रहा छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ छत्तीसगढ़ के सभी जिला ब्लाक पंचायत पदाधिकारी हुए शामिल सभी अतिथियों द्वारा सभी ड्राइवर महासंघ परिवार के सदस्यों को तिलक लगाकर बधाईदियां दी।

### हत्या के बाद साक्ष्य छिपाने शव को फेंका डबरी में, चार आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आपसी विवाद में आरोपी ने पहले युवक की हत्या की और फिर अपने साले के साथ मिलकर युवक के शव को डबरी में फेंक दिया। इतना ही नहीं अपने बेटे के अपराध को छिपाने और साक्ष्य छिपाने के लिए आरोपी के माता-पिता ने घर में गिरे खून को साफ करने के साथ ही गोबर से लिपाई कर दी। बता दें कि उदयपुर विकासखंड के हनुमानगढ़ निवासी शीतल कुमार का शव 16 मार्च को थाना क्षेत्र के पोतका में एक डबरी में मिला था। इस मामले में मृतक के भाई मनोज कुमार ने पुलिस को घटना की सूचना दी थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई थी कि मृतक शीतल कुमार 15 मार्च को अपने दोस्त टेकराम के साथ बाइक से पोतका निवासी दिनेश कुमार के घर शादी कार्यक्रम में आया हुआ था और उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा व पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी।

## महापौर व निगम आयुक्त की उपस्थिति में हुई बैठक

# मेयर इन काउंसिल की बैठक में विभिन्न कार्यों की दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम का पुनरीक्षित बजट एमआईसी द्वारा पारित कर आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा निगम के विभिन्न कार्यों से जुडे. प्रस्तावों पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक स्वीकृतियां भी दी गई, साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों को भी एमआईसी द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित हुई। नगर निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025-26 एवं बजट वर्ष 2026-27 मेयर इन काउंसिल के समक्ष रखा गया, एमआईसी द्वारा सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव को पारित करते हुए बजट को आवश्यक स्वीकृति हेतु निगम की आगामी



बैठक में उपस्थित महापौर व निगम आयुक्त।

साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। बैठक के दौरान पेनल लायर की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, जाति उद्घोषणा की स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राष्ट्रीय परिवार सहायता व मुख्यमंत्री पेंशन योजना के हितग्राहियों की स्वीकृति, जल आवर्धन फेस-2 अंतर्गत 29 एमएलडी जलउपचार संयंत्र के संधारण संचालन कार्य, वीर सावरकर भवन के आबंटन, अधोसंरचना मद से नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 5 करोड़ 93 लाख रूपये से मुख्य सड़कों का डामरीकरण सहित शहर के विभिन्न मार्गो के डामरीकरण कार्य से जुड़े प्रस्तावों, बुधवारी बाजार पुर्नविकास परियोजना, सीबीजी प्लांट एरिया बरबसपुर में विभिन्न निर्माण कार्य, हाई मास्ट लाईट स्ट्रीट लाईट आदि से जुड़े कार्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, पालना घर कार्यकर्ता एवं सहायिक नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव, मुड़ापार बाजार में प्रकाश व्यवस्था, निगम क्षेत्रांतर्गत जल प्रदाय संचालन संधारण हेतु श्रमिक प्रदाय सहित बैठक में प्रस्तुत अन्य प्रस्तावों पर निगम की एमआईसी द्वारा स्वीकृतियाँ दी गई तथा प्रस्तावों पर आवश्यक निर्णय लिये गये।

# सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाकर योग्य जीवनसाथी चुनना : मनमोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



बैठक में उपस्थित अग्रवाल समाज के पदाधिकारी।

समाज में पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज द्वारा 4 व 5 अप्रैल को रायपुर में अविवाहित युवक-

**खास बात**

- रायपुर में 4 व 5 अप्रैल को होगा परिचय सम्मेलन

युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन अग्र धरोहर का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए अग्रवाल सभा रायपुर के महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, सतपाल जैन डॉ नीरज अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने अग्रसेन भवन कटघोरा में पहुंचकर अग्रवाल सभा कटघोरा को औपचारिक निमंत्रण दिया व सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

मनमोहन अग्रवाल महामंत्री अग्रवाल सभा रायपुर ने बताया कि अग्र धरोहर वैवाहिक परिचय सम्मेलन का उद्देश्य समाज के अविवाहित युवक-युवतियों को एक मंच पर लाकर उनके लिए योग्य जीवनसाथी चुनने में सहायता प्रदान करना है। इस आयोजन में प्रदेश भर से अग्रवाल समाज के परिवार और युवा बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस सम्मेलन में पंजीकृत युवक-युवतियों का परिचय, पारिवारिक संवाद तथा अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे परिवारों को एक-दूसरे को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। इस दौरान अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि समाज के युवाओं के लिए इस प्रकार के सम्मेलन अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं। इससे पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा मिलता है और समाज में आपसी समन्वय भी मजबूत होता है। उन्होंने कटघोरा से अधिक से अधिक परिवारों को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की बात कही। बैठक के दौरान अग्रवाल सभा कटघोरा के संरक्षक किशन कुमार मित्तल, रामनाथ सिंघानिया, अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, भवन प्रभारी रमेश अग्रवाल भवानी, पवन अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मीडिया प्राभारी अजय धनोंदिया, हितेश गुप्ता, अमन गोयल, जितेंद्र अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि रायपुर में आयोजित यह वैवाहिक परिचय सम्मेलन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण और सफल आयोजन सिद्ध होगा।

# युवा कांग्रेस ने पेयजल समस्या को लेकर एसईसीएल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन सौंपते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा ग्रामीण द्वारा एसईसीएल ढेलवाडीह, सिंघाली, बगदेवा खदान के सब एरिया महाप्रबंधक को आज ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रभावित गांवों में पानी टैंकर, स्वास्थ्य शिविर, सड़कों में पानी छिड़काव का मांग किया गया हैं। युवा कांग्रेस कटघोरा विधानसभा ग्रामीण महासचिव शत्रुहन पटेल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन आते ही एसईसीएल प्रभावित ग्रामों के तालाब, कुआं, बोर का जलस्तर नीचे चला जाता हैं जिससे पेयजल, निस्तारी के लिए ग्रामीणों को दूरदराज भटकना पड़ता हैं। आगे पटेल ने कहा आज डीएसबी ढेलवाडीह महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया हैं कि तत्काल इस क्षेत्र में पानी टैंकर की व्यवस्था किया जाएं और क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर व सुतर्रा से बांकीमोंगरा तक सड़कों में पानी छिड़काव का मांग किया गया हैं। युवा कांग्रेस कटघोरा ब्लाक उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर ने कहा कि कोई भी कंपनी क्षेत्र में संचालित होता हैं तो पहला कार्य क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करना होता है, लेकिन एसईसीएल ढेलवाडीह सब एरिया क्षेत्र में तीन अंदर ग्राउंड माइंस संचालित है लेकिन प्रभावित क्षेत्र में मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा हैं, गर्मी के आधे दिन बीत चूके हैं लेकिन अभी तक पानी टैंकर के लिए ठेका तक नहीं हो सका हैं, जिससे साफ जाहिर होता हैं प्रबंधन क्षेत्रवासियों के कितना गंभीर हैं। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि रामगोपाल कंवर, ग्राम पंचायत ढेलवाडीह उपसरपंच मुकेश सिंह उसरवर्षा, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर, सचिव पुरान दास सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं उपस्थित थे।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

भाजपा मंडल कटघोरा में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का

**खास बात**

- कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का दिया संदेश

शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला कोषाध्यक्ष अजय पाण्डेय उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला महामंत्री संजय शर्मा ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग के स्वागत उद्बोधन से हुई। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और दायित्वों को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की भावना और अधिक मजबूत होती है।

मुख्य वक्ता अजय पाण्डेय ने कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर कार्य करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि संगठन की नीतियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में प्रशिक्षण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, अनुशासन और जनसेवा के मूल मंत्र से अवगत कराया जाता है। कार्यक्रम में मंडल एवं बूथ स्तर के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर पद्मिनी देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत छुरी,पूर्व मण्डल अध्यक्ष धन्नू प्रसाद दुबे,राजेन्द्र जायसवाल,विधायक प्रतिनिधि प्रीतम देवांगन,राजेंद्र टण्डन,उत्तम रंधावा,मीना शर्मा,हीरानंद पंजवानी,मण्डल महामंत्री समंजित सिंह,मंत्री देक्रान्त देवांगन,उपाध्यक्ष अजय धनोंदिया,स्नेहलता पटेल सहित सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# कटघोरा में विकास की नई इबारत, अध्यक्ष ने पेयजल से लेकर सड़क-सौंदर्यीकरण तक किए कई अहम कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण हो गया। 17 मार्च को नगर की जनता ने एक युवा, मृदुभाषी और किसान परिवार से आने वाले राज जायसवाल को नगर विकास की जिम्मेदारी सौंपी थी। अध्यक्ष पद की शपथ लेते समय उन्होंने कटघोरा के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने और शहर के लिए विकास की नई गाथा लिखने का संकल्प लिया था। बीते एक वर्ष में उन्होंने अपने इस वादे को नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष, व समस्त 15 वार्डों के पार्षदों के सहयोग से धरातल पर उतारते हुए नगर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की शुरुआत कर उसे गति दी है।

अध्यक्ष पद संभालने के बाद राज जायसवाल ने सबसे पहले नगर की पुरानी और गंभीर पेयजल समस्या के समाधान को प्राथमिकता दी। इसके



राज जायसवाल

लिए उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों और उच्च अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ कराया। इसका परिणाम यह रहा कि विशेषकर गर्मी के मौसम में नागरिकों को पहले की तरह पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ा। नगर के विभिन्न वार्डों में अधोसंरचना विकास को भी तेजी से आगे बढ़ाया गया। 15वें वित्त आयोग की राशि से कई वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत किया गया। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए आवश्यक सामग्री क्रय कर नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से भी अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। इनमें आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण, पुष्प वाटिका उन्नयन, चौपाटी और पाथवे निर्माण, गोलभवन सुदृढ़ीकरण, मर्चुरी हॉल, बाउंड्रीवाल, डीपपीट निर्माण, स्कूलों में साइकिल स्टैंड निर्माण तथा सांस्कृतिक भवन के उन्नयन जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत एसएलआर सेंटर में सूखे और गीले कचरे के पृथक्करण एवं प्रबंधन के लिए संयंत्र स्थापित किए गए हैं। 9 अक्टूबर 2025 को मुख्यमंत्री के कटघोरा प्रवास के दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल के साथ मिलकर अध्यक्ष राज जायसवाल ने नगर की बहुप्रतीक्षित मांगों को प्रमुखता से उठाया। इसमें कटघोरा में हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण, भगवान सहस्त्रबाहु की प्रतिमा स्थापना तथा भव्य प्रवेश द्वार निर्माण की मांग शामिल थी। मुख्यमंत्री द्वारा इन मांगों की घोषणा किए जाने के बाद इन कार्यों के प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं।

# उरगा मंडल में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा



प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी।

भारतीय जनता पार्टी के उरगा मंडल में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक अनुशासन, कार्यकर्ता समर्पण और व्यवस्थागत उत्कृष्टता का

**खास बात**

- मंडल के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने शिविर में लिया प्रशिक्षण

उदाहरण बनकर सामने आया। इस प्रशिक्षण शिविर में मंडल के 100 से अधिक कार्यकारिणी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय रूप से भाग लेकर संगठन के निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण प्राप्त किया। पूरे शिविर के दौरान पार्टी के निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया और कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण शिविर की विशेष बात यह रही कि कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी ध्वज फहराकर की गई और पूरे प्रशिक्षण स्थल को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रखा गया। कार्यकर्ताओं द्वारा प्लास्टिक गिलास या किसी भी प्रकार के प्लास्टिक सामान का उपयोग नहीं किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का स्पष्ट संदेश भी दिया गया। प्रशिक्षण स्थल पर प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए, जिनके माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी की विचारधारा से संबंधित जानकारियां प्रस्तुत की गईं। प्रशिक्षण सत्र के दोनों दिवस आरम्भ मे राष्ट्रगीत की पूरी पंक्तिया व समापन मे राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। सत्रों के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से विषयवार प्रशिक्षण दिया गया, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, कार्यक्रमों और आगामी रणनीतियों की विस्तार से जानकारी मिली। शिविर में कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की सुव्यवस्थित व्यवस्था, स्वच्छता अभियान तथा रात्रि विश्राम की विशेष व्यवस्था भी की गई थी। उल्लेखनीय बात यह रही कि अधिकांश कार्यकर्ता पूरे समय शिविर में उपस्थित रहे और लगभग सभी ने रात्रि विश्राम भी प्रशिक्षण स्थल पर ही किया, जिससे कार्यकर्ताओं का संगठन के प्रति समर्पण स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

**बिजनेस प्लस**

## संपूर्ण न्यूरो केयर एक ही छत के नीचे, एनकेएच में शुरू हुई एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी



**कोरबा।** जिले के प्रमुख सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल न्यू कोरबा हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में अस्पताल के न्यूरो केयर विभाग को और मजबूत करते हुए अब न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, न्यूरो-साइकेट्री और न्यूरो फिजियोथैरेपी की संपूर्ण सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे नसों से जुड़ी गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है। अस्पताल में न्यूरोसर्जन डॉ. शिवानी द्वारा अत्याधुनिक मिनिमली इनवेसिव (दूरबीन) तकनीक से स्पाइन सर्जरी की सुविधा भी शुरू की गई है। इस तकनीक के माध्यम से बिना बड़े चीरे के रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन किया जा रहा है, जिससे मरीज को कम दर्द होता है और सर्जरी के बाद कुछ ही दिनों में मरीज को डिस्चार्ज भी कर दिया जाता है। अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन सेवा भी उपलब्ध है, जहां देर रात गंभीर मरीज आने पर भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तत्काल उपचार शुरू कर देती है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी ने बताया कि न्यूरो संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए अब कोरबा के मरीजों को बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता नहीं है। एनकेएच में ही उच्चस्तरीय उपचार मिलने से मरीजों और उनके परिजनों के समय, खर्च और परेशानी तीनों में कमी आ रही है। न्यू कोरबा हॉस्पिटल में पहली बार एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी की सुविधा शुरू की गई है। इस आधुनिक तकनीक में दूरबीन की सहायता से रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन किया जाता है, जिससे मरीज को कम दर्द, कम समय में रिकवरी और जल्दी सामान्य जीवन में लौटने का लाभ मिलता है।

### कोरबा से डोंगरगढ़ तक सीधी ट्रेन की मांग

**कोरबा।** जिले के उन श्रद्धालुओं की इच्छाएं हर नवरात्रि में अधूरी रह जाती हैं, जो डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी के दर्शन करना चाहते हैं। इस बार भी चैत्र नवरात्रि को देखते हुए रेल संघर्ष समिति कोरबा ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सीधी ट्रेन चलाने की मांग उठाई है। समिति के संरक्षक रामकिशन अग्रवाल और अंकित सावलानी ने इस संबंध में रेलवे के डीआरएम को पत्र भेजा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 19 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में कोरबा सहित आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए डोंगरगढ़ जाते हैं, लेकिन सीधी ट्रेन सुविधा नहीं होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई, चार ठिकानों से सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू एलपीजी. सिलेंडरों के अवैध भंडारण और उनके व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। तहसीलदार कटघोरा सूर्यप्रकाश केशकर, खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार लांझी और हल्का पटवारी के संयुक्त जांच दल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें चार प्रमुख स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का नियम विरुद्ध उपयोग पाया गया।

निरीक्षण के दौरान जांच दल ने अंबिकापुर रोड स्थित मो. जिशान सिद्दीकी के पास से 2 नग घरेलू सिलेंडर बरामद किए। इसी प्रकार बिलासपुर रोड स्थित पनेसर बॉडी एण्ड इंजीनियरिंग वर्क्स (संचालक गुरूदेव सिंह पनेसर) और पनेसन बॉडी बिल्डर्स एवं ऑटोलेट वर्क्स (संचालक हरबंस सिंह पनेसर) से क्रमशः 1-1 नग घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। इसके अतिरिक्त, बस स्टैंड स्थित विष्णु होटल के संचालक अनिल साहू के पास से भी 1 नग घरेलू एल.पी.जी. सिलेंडर व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जिसे तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि यह पूरी कार्रवाई द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000 एवं गैस सिलेंडर नियम 2016 के उल्लंघन के तहत की गई है। प्रशासनिक दल द्वारा मौके पर ही विधिवत पंचनामा तैयार कर कुल 5 नग सिलेंडरों को सुरक्षित रूप से निकटतम गैस एजेंसी, मेसर्स सेवा इण्डेन, कटघोरा की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। तहसीलदार कार्यालय द्वारा इस संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिला कलेक्टर (खाद्य शाखा) को आगामी वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की जांच निरंतर जारी रहेगी ताकि घरेलू गैस के दुरुपयोग को रोका जा सके।

## खबर संक्षेप

### चिकित्सकों को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन कराना अनिवार्य

**कोरबा**। जिले में विभिन्न हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, मेटरनिटी होम, क्लीनिक ,पैथोलैब, एवं डायग्नोस्टिक सेंटर में राज्य के विभिन्न जिलों तथा शासकीय चिकित्सकों के द्वारा सेवायें (ओपीडी) दी जाती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि सभी चिकित्सक जो क्लीनिकल स्थापना में सेवायें देते हैं उन्हें अपनी सेवायें देने से पहले अपना नर्सिंग होम एक्ट अंतर्गत पंजीयन कराना अनिवार्य है। उन्होंने चिकित्सकों को आयुर्विज्ञान परिषद में पंजीयन(रजिस्ट्रेशन प्रमाण), सेवा देने का समय संबंधी शपथपत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जमा करने निर्देशित किया है। उन्होंने क्लीनिकल संस्थाओं को निर्देशित किया है कि उनकी संस्थाओं में सेवायें देने वाले सभी चिकित्सक (शासकीय/निजि) का नर्सिंग होम एक्ट के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करावें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने क्लीनिकल स्थापना संचालकों से कहा है कि नर्सिंग होम एक्ट के तहत बिना पंजीकृत चिकित्सकों से सेवायें लेने पर छ.ग.राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, 22 सिंतबर 2010 के अध्याय तीन के नियम 12 (क)1 के अनुसार रूपये 20 हजार का अर्थदण्ड होगा तथा दूसरी बार उक्त कृत्य दोहराने पर तीन वर्ष तक के कारावास अथवा रूपये 50 हजार का अर्थदण्ड अथवा दोने के भागी होंगे।

### लगभग 17 सौ परीक्षार्थियों को दिया गया है परीक्षा केंद्र

# फरसवानी ओपन स्कूल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंची टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओपन स्कूल परीक्षा के लिए 17 सौ परीक्षार्थियों को फरसवानी हाईस्कूल में

**खास बात**

- सचालन को लेकर उठे सवाल



परीक्षा केंद्र दिए जाने के बाद व्यवस्था के मामले में सवाल खड़े होने लगे थे। जिसके मद्देनजर जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इतने अधिक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र दिए जाने से प्रशासन की निगाह फरसवानी परीक्षा केंद्र पर टीक गई है।

ओपन स्कूल परीक्षा में केंद्र बनाए गए स्कूलों पर नकल रोकने के लिए शासन ने निगाहें तेज कर दी है। बीते वर्ष कुछ परीक्षा केंद्रों में नकल की शिकायतें मिलने के बाद और इस वर्ष फरसवानी और नोनबिर्रा जैसे दूरस्थ क्षेत्र में 17 सौ और 1 हजार परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र दिए जाने का मामला सामने आने के बाद इन दोनों केंद्रों में सिंडिकेट तरीके से नकल कराए जाने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर ने इन केंद्रों पर नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसी सिलसिले में जिला शिक्षा अधिकारी टी पी उपाध्याय ने अपने मातहत अधिकारियों के साथ सोमवार को फरसवानी परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया था और परीक्षा केंद्र प्रभारी जितेंद्र साहू को परीक्षाओं के संचालन को लेकर नकल जैसे प्रकरण रोकने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं। जिले में 9 केंद्र ओपन स्कूल परीक्षा के बनाए गए हैं। जिसमें पसान जैसे दूरस्थ क्षेत्र भी शामिल हैं। हालांकि इस केंद्र में परीक्षार्थियों की संख्या कम है। वहीं नकल रोकने के लिए मात्र उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। जिसके ऊपर नोनबिर्रा से लेकर फरसवानी और पसान जैसे दूरस्थ केंद्रों के निरीक्षण की जिम्मेदारी है।

**बढ़ रही है परीक्षार्थियों की संख्या**

ओपन स्कूल परीक्षा दिलाने वाले परीक्षार्थियों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल की परीक्षा पास करने का ओपन स्कूल परीक्षा एक बेहतर माध्यम समझा जाता है। यही कारण है कि ओपन स्कूल परीक्षा में अब धीरे धीरे परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है और ऐसे अधिकांश परीक्षार्थी अपना परीक्षा केंद्र जिला मुख्यालय से दूर बनाए गए परीक्षा केंद्र का ही चयन करते हैं। हाल ही में पसान जैसे परीक्षा केंद्र में भले ही परीक्षार्थियों की संख्या कम है लेकिन आने वाले दिनों में इस केंद्र में भी परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ सकती है।

## रंगमंच के पुनर्जागरण का शंखनाद 21 को होगा ऑडिटोरियम में मंचन



**कोरबा**। रोटरी क्लब और महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 21 मार्च को प्रदेश का प्रसिद्ध हिंदी नाटक मैं अनिकेत हूँ का मंचन राजीव गांधी ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों जैसे दुर्ग-भिलाई, रायपुर और बिलासपुर में रंगमंच की गतिविधियां निरंतर फल-फूल रही हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से युवा इस विधा में डिग्रियां प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन कोरबा में पिछले कुछ वर्षों से इस क्षेत्र में एक रिक्तता महसूस की जा रही थी। पूर्व में विद्युत मंडल, बालको और कॉलरी कॉलोनियों में नाटकों का शानदार माहौल रहता था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य इसी माहौल को वापस लाना और युवाओं को रंगमंच में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। महाराष्ट्र मंडल रायपुर द्वारा तैयार इस नाटक का निर्देशन सुप्रसिद्ध दिग्दर्शक शशि वरवंडकर ने किया है। आयोजकों का विश्वास है कि यह मंचन कोरबा के सांस्कृतिक इतिहास में एक 'ल का पत्थर साबित होगा। इसकी भव्यता और कलाकारों का जीवंत अभिनय दर्शकों को अंत तक बांधे रखेगा। यह मात्र एक नाटक नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव होगा जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। इस आयोजन का सबसे प्रेरक और इसका सामाजिक उद्देश्य है। रोटरी क्लब और महाराष्ट्र मंडल ने निर्णय लिया है कि इस चैरिटी शो से प्राप्त होने वाली संपूर्ण धनराशि मेधावी एवं निर्धन छात्रों के अध्ययन और उच्च शिक्षा पर खर्च की जाएगी।

### न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला कोरबा (छ.ग.)

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202603050700015/अ-27/2025-26 ग्राम अरदा, प.ह.नं. 07 तहसील-कटघोरा**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बोधराम पिता गेंदराम, निवासी ग्राम-अरदा, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम अरदा, प.ह.नं. 07, तहसील-कटघोरा, स्थित शामिलात खाते की भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 709/1, 843/3, 855 एवं 862/1 रकबा क्रमशः 0.320, 0.324, 0.125 एवं 0.162 कुल ख.नं. 4 कुल रकबा 0.931 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में खातेदार साधराम पिता गेंदा एवं बोधराम पिता गेंदा, बली बड़े भाई साधराम पिता गेंदा के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त खसरा नंबर की भूमियों को छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 178 के तहत दो बराबर-बराबर भागों में खाता विभाजन करते हुये पृथक-पृथक ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 30.03.2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 12/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## कोरबा मार्केट




## महिला कांग्रेस ने एपस्टीन कांड के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला महिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष श्रीमती प्रभा सिंह तंवर के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम अंतर्राष्ट्रीय बहुचर्चित यौन शोषण एप्टीन कांड से जुड़ी तथा कथित एप्सटीन फाइल्स में नाम सामने आने के विरोध में व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर राज्यपाल के नाम तहसील पाली में तहसीलदार सुजीत पाटले को ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन सौंपते महिला कांग्रेस के सदस्य।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस घटना ने देशभर की महिलाओं एवं जागरूक महिलाओं में चिंता आक्रोश एवं असंतोष की भावना उत्पन्न की है । यह समस्या सीधे तौर पर महिलाओं की गरिमा,सुरक्षा और सम्मान से सीधा जुड़ा हुआ है, जो अत्यंत गंभीर मामला है । महिलाओं की भावनाओं को लोकतांत्रिक तरीके से व्यक्त करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक व्यापक स्तर पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस अभियान में जिले के जागरूक नागरिकों ने अपने हस्ताक्षर कर , स्पष्ट संदेश दिया है कि ऐसे आरोपों से घिरे किसी भी जनप्रतिनिधि को सार्वजनिक जीवन की मर्यादा एवं नैतिकता बनाए रखने के लिए ,अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। आपके समक्ष ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार निष्पक्ष पारदर्शिता पूर्वक मामले की जांच कर देश के लोकतांत्रिक मूल्यों एवं महिलाओं की गरिमा की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है । ज्ञापन सौंपने जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा सिंह तंवर, सावित्री श्रीवास पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका,रीना वर्मा पार्षद,गिरजा पैंकरा सरपंच जिला महामंत्री कांग्रेस,संतोषी महंत ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पाली उपस्थित रही ।

## शिक्षक ने अपने घर में लगाई फांसी

**कोरबा**। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढिटोरी में एक शिक्षक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे शिक्षक इंद्र सिंह कंवर ने घर के अंदर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मृतक शिक्षक को शराब की लत थी और आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में उन्होंने यह कदम उठाया होगा। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।









# शासकीय कालेजों में उधार के फर्नीचर से चल रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उच्च शिक्षा विस्तार योजना अंतर्गत उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शुरु किए गए कालेजों में फर्नीचर की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल के फर्नीचरों का उपयोग प्रबंधन को करना पड़ रहा है। मांग पत्र भेजे जाने के बाद भी प्रबंधन को फर्नीचर व अन्य सुविधाओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

अलग खबर

जिले में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्रों को महाविद्यालयीन शिक्षा सुविधा देने के लिए कालेज शुरु तो किए गए लेकिन अधोसंरचना सहित अन्य व्यवहारिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पायी हैं। स्कूल के बिल्डिंग में चलने वाले महाविद्यालयों की स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां तो कालेज प्रबंधन स्कूल बिल्डिंग का उपयोग कर ही रहा है। फर्नीचर के लिए भी उसे स्कूल के लिए निर्भर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति बांकीमोंगरा महाविद्यालय की है। जहां छात्रों की संख्या सर्वाधिक है। बांकीमोंगरा क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं होने से यहां के 15 से 20 गांव के छात्रों को हरदीबाजार या कटघोरा जाना पड़ता था। सरकार ने महाविद्यालय तो शुरु कर दिए हैं लेकिन अधोसंरचना के विकास पर कार्ययोजना नहीं बनने से इसका परिणाम प्रबंधन और महाविद्यालयीन छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। मजबूरी में समीप के शासकीय कालेजों में परीक्षा केंद्र दिया जा रहा है। जिन स्थानों में महाविद्यालय शुरु किया गया है उनमें केवल बांकीमोंगरा कालेज को ही परीक्षा केंद्र की सुविधा मिली है।

## परीक्षा के दौरान स्कूल के फर्नीचर का हो रहा उपयोग

**खास बातें**

- मांग पत्र के बाद भी प्रबंधन को नहीं मिल रही सुविधाएं
- 5 साल बाद भी उपलब्ध नहीं हो सके संसाधन



### बदले गए हैं परीक्षा केंद्र

उमरेली सहित रामपुर में महाविद्यालय की शुरुआत तो की गई है किंतु ना तो भवन है और ना ही फर्नीचर। मूलभूत सुविधाओं को मोहताज इन कालेजों के छात्रों का परीक्षा केंद्र भी दूसरे कालेजों में दिया गया है। करतला शासकीय महाविद्यालय में ही रामपुर के कालेज को परीक्षा केंद्र आबंटित किया गया। उमरेली कालेज का परीक्षा केंद्र बरपाली को बनाया गया है। इस समय बरपाली महाविद्यालय में तीन कालेजों की परीक्षाएं चल रही हैं। जिसमें स्वयं बरपाली महाविद्यालय की परीक्षाएं एवं आदर्श महाविद्यालय की परीक्षाएं व उमरेली महाविद्यालय की परीक्षाएं। जहां सुविधाओं का संकट बना हुआ है।

## क्राइम की खबरें



### डेढ़ दशक पुरानी सड़क के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन

**कोरबा।** जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत डोकरमना के आश्रित ग्राम कुदारी चिगार की जनसंख्या लगभग 500 है। पिछले बार वर्ष 2008 में सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हुआ था सड़क पुरानी होने के बाद आज तक सड़क का मजबूतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण नही हुआ था। जिससे उस सड़क पर आवागमन में काफी परेशानियां का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा था। 16 मार्च को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया की अगुवाई में सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। श्रीमती राठिया ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पहली प्राथमिकता अंतिम छोर तक विकास को पहुंचाना है हमारे रामपुर विधानसभा के अंतिम गांव डोकरमना तक विकास पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या कन्वर, सरपंच श्रीमती अनीता मंझवार, उप सरपंच मोतिया राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरि शंकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुंती चंद्रा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राम प्रसाद उइके सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रगतिशील मत्स्य कृषकों का अध्ययन भ्रमण सफल, कलेक्टर से की मुलाकात



**कोरबा।** मछली पालन विभाग द्वारा जिले के प्रगतिशील मत्स्य कृषकों को राज्य के बाहर अध्ययन भ्रमण पर भेजा गया था। हितग्राही किसान भुवनेश्वर तथा कौशल्या गंगा में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में पहुँचे, जहाँ उन्होंने उन्नत एवं वैज्ञानिक मछली पालन तकनीकों की जानकारी हासिल की। भ्रमण से लौटने के बाद आज कृषकों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात की। कलेक्टर ने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई विधियों पर चर्चा की और कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों को प्राप्त ज्ञान के आधार पर प्रभावी कार्य-योजना बनाकर जिले में मछली पालन को और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए तथा उन्हें शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक क्रांति कुमार बघेल भी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत पुलिस कर्मी को श्रीफल साल से किया गया सम्मानित



**हरदीबाजार।** हरदी बाजार पुलिस थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा सेवानिवृत के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व सेवानिवृत पुलिस कर्मी सहायक उप निरीक्षक सुमरन सिंह पैकरा को श्रीफल एवं साल देकर उनके स्वास्थ्य व सुखमय जीवन जीने की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में एएसआई कृपा शंकर दुबे, सहित स्टॉप उपस्थित थे।

### संयुक्त कोयला मजदूर संघ का होली मिलन समारोह



**कोरबा।** कोयला मजदूर संघ (एटक) द्वारा 16 मार्च को आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कामरेड परमहंस सिंह कार्यालय में आयोजित हुआ जिसमें संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) के कम्पनी सेफ्टी बोर्ड मेंबर कामरेड धर्मा राव की उपस्थिति रही जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में हर्ष की बात रही कि संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) कि रीति - नीति से प्रेरित होकर इंटक के एरिया यूनिट के अध्यक्ष श्याम सुंदर अपने 50 साथियों के साथ एटक में प्रवेश किए। इसमें अशोक कुमार, अभय कुमार, गौरव गौतम, रामधन, धर्मेन्द्र रजक, रंजीत, शिवनारायण,सूबे संकर मिंज, मनबोध,जीवन, बिरजू, महेन्द्र, गिरीश तिवारी, गणेश्वर दास, सूरज बैगा, सनी पाक, अनिकेत, रोहित सोनी, विजय कुमार साहू, विनोद कुमार पाण्डेय, शिव कुमार, दीपक रजवाड़े, अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य सहयोगी शामिल हैं। कार्यक्रम में संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) के क्षेत्रीय सचिव कामरेड अजीत कुमार सिंह, जेसीसी सदस्य कामरेड मुकेश कुमार, वेलफेयर के सदस्य कामरेड कुरू राम ,कामरेड मयंक, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड मेंबर कामरेड के के गभेल , एरिया यूनिट के अध्यक्ष कामरेड अश्विनी, परियोजना के सचिव कामरेड सौरभ पटेल, कोषाध्यक्ष कामरेड अलखराम साहू , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कामरेड छत्रपाल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शहर के चौक चौराहों और मुख्य मार्गों में की गई आकर्षक सजावट

# कल से चैत्र नवरात्र की होगी शुरुआत, मंदिर में हो रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र नवरात्र पर्व कल से शुरु हो रहा है। इस अवसर पर मंदिरों में देवी के आराधना की व्यापक तैयारियां की गई है। एक तरफ जहां देवी का दरबार मनोकामना ज्योतिकलश से जगमगा उठेगा तो वहीं हिन्दू नववर्ष के आगमन पर शहर के चौक चौराहे व मुख्य मार्ग आकर्षक लाइटिंग की सजावट से जगमगा उठे हैं। शहर के दोनों छोर से निकलने वाली शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रहेगी।

**खास बात**

- चैतुरगढ़, मड़वारानी, कोसगई, चेपारानी प्रमुख देवी स्थलों मं रहेगी भीड़




नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराना श्रद्धालुओं का विशेष उद्देश्य रहता है। शहर में स्थित देवी मंदिरों में सबसे ज्यादा मनोकामना ज्योतिकलश मां सर्वमंगला मंदिर में प्रज्वलित किए जाते हैं। इनके अलावा भवानी मंदिर, कंकालीन देवी मंदिर, अंबिका मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के मंदिरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के पहाड़ों में स्थित देवी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित होंगे। मां महिषासुर मर्दिनी चैतुरगढ़, मड़वारानी, कोसगई देवी और चेपारानी देवी मंदिर ऐसे स्थल हैं जहां बड़ी संख्या में अन्य जिलों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। गर्मी का दिन होने के कारण मंदिर प्रबंधन कमेटी के द्वारा श्रद्धालुओं को सुविधाएं दिए जाने के कार्य किए जा रहे हैं। इन मंदिर स्थलों में 9 दिनों तक उपासना का पर्व नजर आता है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन इन मंदिरों में व्यस्थाएं बनाए रखने के लिए मंदिर कमेटी प्रबंधन को निर्देश भी जारी किए हैं।

### आवागमन में होती है दिक्कतें

दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण देवी मंदिरों में आवागमन के दौरान श्रद्धालुओं को व्यवहारिक दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। खासकर पहुंच मार्ग का निर्माण नहीं होने की समस्याएं प्रमुख रहती हैं। पहाड़ में स्थित होने की वजह से पानी की समस्या इन मंदिरों में देखी जाती है। सड़क के निर्माण नही होने से कोसगई पहुंच मार्ग भी दिक्कतों भरा रहता है। हालांकि ग्राम पंचायत की ओर से कोसगई पहाड़ के नीचे तक अस्थायी पहुंच मार्ग बनाया गया है।

### कल से भारी वाहनों नो एंट्री

कोरबा। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिले के मां सर्वमंगला मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन द्वारा भारी वाहनों के लिए नो एंट्री की मांग की गई है, जिस पर प्रशासन द्वारा सर्वमंगला मंदिर रोड, गार्डन रोड में 19 से 27 मार्च तक भारी वाहनों की एंट्री बंद की जाएगी। फिलहाल अभी औपचारिक नोटिस जारी नहीं हुआ,लेकिन जनहित में जल्द ही ये फैसला ले लिया जाएगा। जिसके बाद से कुसमुंडा 4 नंबर बेरियर और कनकी होते हुए पंतोरा की ओर भारी वाहन आवागमन बंद हो जायेगा।

## अधिवक्ता से दिन दहाड़े 2 लाख रुपए की उठाईगिरी




वह बैंक जिसके बाहर हुई घटना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकालकर निकले एक अधिवक्ता व व्यवसायी को चोरों ने बड़ी चालाकी से अपना शिकार बना लिया और कुछ ही सेकंड में 2 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता एवं व्यवसायी सुरेश शर्मा बैंक से नकदी निकालने के बाद अपनी गाड़ी की डिक्की में पैसों से भरा बैग रखकर वाहन में बैठे थे। इसी दौरान वे किसी व्यक्ति से बातचीत में व्यस्त हो गए। मौके का फायदा उठाते हुए बाइक सवार बदमाशों ने गाड़ी की डिक्की से बैग पार कर दिया। जब तक सुरेश को भनक लगती तब तक चोर वहां से रफ्फूचक्कर हो गए थे। इसके बाद सुरेश शर्मा ने तत्काल कटघोरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।

**खास बात**

- सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई आरोपियों की हरकत, जांच में जुटी पुलिस

फुटेज में एक संदिग्ध युवक नजर आया है, जिसने चेहरे पर रुमाल बांध रखा है और सिर पर टोपी पहनी हुई है। जिसने बड़ी चालाकी से गाड़ी के डिक्की से पैसा से भरा बैग को निकालता है और अपने साथी के साथ बाइक में बैठकर कटघोरा बस स्टैंड की ओर भाग गये। कटघोरा थाना प्रभारी ने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश की जा रही है।

## लावारिस इनोवा कार में लगी आग मालिक की तलाश में जुटी पुलिस



धूं धूंकर जलती कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुराना फायर स्टेशन के समीप पिछले कई दिनों से एक इनोवा कार खड़ी हुई थी। बीती रात इनोवा कार में अचानक आग लग गई और देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और इनोवा कार धूंधूं कर जलने लगी। देर रात को हुई इस हादसे के बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और जब तक आग को बुझाया जाता तब तक इनोवा कार बुरी तरह से जल चुकी थी। घटना के संबंध में सीएसईबी चौकी प्रभारी ने बताया कि इनोवा कार किसकी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और गाड़ी मालिक की तलाश भी की जा रही है। बताया जाता है कि इनोवा कर जहां खड़ी थी वहां ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है। संभवतः जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आगजनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

## बोलेरो को 80 लीटर डीजल के साथ सीआईएसएफ ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरा खदान से डीजल चोरी कर भाग रहे एक बोलेरो वाहन को सीआईएसएफ की टीम ने जब्त किया है और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। संदिग्ध वाहन जूनाडीह रेलवे साइडिंग की ओर भागने लगा, जिसके बाद सीआईएसफ सुरक्षा बलों ने पीछा करते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। वाहन से कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि एक युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी रेलवे फाटक के पास कुसमुंडा बताया। तलाशी के दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीयू 6589 से चार जरीकेन में करीब 80 लीटर डीजल और डीजल निकालने वाला पाइप बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एसईसीएल गेवरा खदान के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर खड़े डंपर से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है। सीआईएसफ ने पकड़े गए आरोपी, बोलेरो वाहन तथा बरामद डीजल को दीपका पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले में दीपका पुलिस जांच कर रही है। गश्त के दौरान सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम को एक संदिग्ध बोलेरो वाहन दिखाई दिया। टीम द्वारा वाहन का पीछा किया गया और सुरक्षा चौक के पास उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन को स्पीड बढ़ाकर मौके से भागने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की गई।

## पड़ोसी जिले से पहुंचा था नशीली दवा खपाने, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली पुलिस की टीम ने नशे का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को धरदबोचा है जो पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से नशीली कैप्सूल खपाने के लिए आया हुआ था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, 216 नग नशीली कैप्सूल जब्त

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जिला में अवैध रूप से नशीली दवाईयो व मादक पदार्थ गांजा एवं अवैध धंधा करने वालो के उपर शिकंजा कसने के लिए थाना चौकी प्रभारियों निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने स्कूटी में नशीली दवा लेकर जा रहा है सूचना पर थाना प्रभारी एमबी पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर पवन टाकिज रेल्वे पाटक के सामने में पुलिस पार्टी द्वारा



आरोपी

घेरा बंदी कर विरेन्द्र सोनी पिता चैत्तराम सोनी उम्र 39 साल पता बोडसरा थाना नैला जिला जांजगीर चांपा के कब्जे मे रखे स्कुटी जुपिटर क्रमाक सीजी 13 एपी 1131 के डिक्की के अंदर तलाशी लिया गया जिसमें एक बैगनी रंग के फाईल रखने वाले बैग में जिसमे सफेद रंग का चैन लगा हुआ अग्रेजी में वीएवाईए लिखा हुआ मिला जिसका चैन खोलने पर बैग के अंदर नशीली कैप्सूल 216 नग मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर शनिवार से थे हड़ताल पर

# कोरबा पावर लिमिटेड में चल रही हड़ताल समाप्त, बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पताढ़ी स्थित कोरबा पावर लिमिटेड (अडानी) की विस्तार परियोजना 2गुना 660 एमडब्ल्यू में कार्यरत मजदूरों के द्वारा दैनिक वेतन वृद्धि, कार्य का निर्धारित न्युनतम अवधि, ओव्हरटाईम का पेमेंट, माह में 26 दिन कार्य, राष्ट्रीय अवकाश व अन्य मुद्दों को लेकर शनिवार से अपने कार्यक्षेत्र में अनुपस्थित रहकर काम बंद कर अपने ठेका कंपनी के कार्यालय के पास अपनी मांगों को मनवाने के उद्देश्य से सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए थे।



प्रदर्शन करते हड़ताली श्रमिक।

जिस कारण संयंत्र विस्तार का काम विगत तीन दिनों से प्रभावित रहा।

मजदूरों का कोई प्रतिनिधि मंडल नहीं होने से चर्चा नहीं हो पाने के कारण तीन दिनों तक काम प्रोजेक्ट विस्तार काम बंद रहा। इस कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए 16 मार्च को ही प्रशासन द्वारा चर्चा प्रारंभ कराया गया जो कि मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल ठेका कंपनी व उनके ठेकेदारों एवं प्रबंधन के प्रतिनिधि मंडल के मध्य संस्थान परिसर में बैठक आहुत की गई। बैठक में मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को रखा गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर संस्थान में लागू है, जिसका पालन किया जा रहा है, निर्धारित समय से अतिरिक्त अवधि तक कार्य करने वाले श्रमिकों को सामान्य मजदूरी से दोगुनी दर पर ओव्हरटाईम का भुगतान किया जाएगा, कार्य के दौरान दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना होने की स्थिति में ईपीएफ अधिनियम अथवा लागू श्रम कानुनों के अनुसार वैधानिक मुआवजा प्रदान किया जाएगा, कार्यक्षेत्र में आवश्यकतानुसार शौचालयों की व्यवस्था, प्रत्येक वेतन अवधि में वेतन पर्ची प्रदान किया जाएगा व अन्य मांगों को भी श्रम कानुनों के अनुसार किया जाएगा। उपरोक्त मांगों पर श्रमिक प्रतिनिधी मंडल व ठेका कंपनी के मध्य सहमती बनी व 18 मार्च से सभी श्रमिक अपने काम पर लौटेंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411